प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का किया उदघाटन, ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढावा देने पर दिया बल।
- रांची में 13 लाख रुपये लूट मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक महिला समेत चार अपराधी गिरफ्तार, जामताड़ा में दो साइबर अपराधी भी पकड़े गये।
- राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा– साइबर अपराध के खिलाफ कारगर साबित हो रहा है प्रतिबिंब एप, इसके जरिये देशभर में दो हजार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी।
- केंद्र ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा किया जारी, अब बच्चों को सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिए माता–पिता की सहमति जरूरी।
- रांची में कल से राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता होगी शुरु, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन करेंगे उदघाटन, खिलाड़ी चार स्पर्द्धाओं में दिखायेंगे दम।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित यह महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। इसका विषय है– विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों से बातचीत भी की। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उद्यमिता के जरिये ग्रामीणों को सशक्त बनाना केन्द्र सरकार की प्राथमिकता है।

*****************

रांची के पंडरा में आटा कंपनी के कर्मी से 13 लाख रुपये की लूट और फायरिंग मामले में पुलिस ने एक महिला समेत चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस घटना को रांची और रामगढ़ के अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया था। रांची पुलिस इस मामले में जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकती है।

*****************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा है कि साइबर अपराध के खिलाफ प्रतिबिंब एप काफी कारगर साबित हो रहा है। इसके जरिए झारखंड समेत देश भर में दो हजार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।

*****************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 16 मोबाइल सेट, 28 फर्जी सिम कार्ड और एक लैपटाप बरामद किए गए हैं। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी विभिन्न मोबाइल कंपनियों के कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर उपभोक्ताओं को अपना शिकार बनाते थे।

*****************

उधर, सिमडेगा जिले में हथियार का भय दिखाकर व्यवसायी को धमकाने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ रणवीर सिंह और डीएसपी हेड क्वार्टर बैजू उरांव ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आरोपियों के पास से एक नकली पिस्टल भी बरामद की गयी है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

संताल परगना प्रक्षेत्र के नये पुलिस उप–महानिरीक्षक के रूप में अंबर लकड़ा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि साइबर और महिला अपराध रोकना उनकी प्राथमिकता होगी। श्री लकड़ा ने यह भी कहा कि पुराने मामलों के निबटारे के लिए एसआइटी गठित की जायेगी।

******************

केंद्र सरकार ने डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण नियम 2025 का मसौदा जारी कर दिया है। मसौदा नियमों में बच्चों के सोशल मीडिया आकउंट खोलने के लिए अभिभावकों की अनिवार्य और प्रमाणित सहमति लेने का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि मसौदा नियम परामर्श के लिए खुले हैं। उन्होंने लोगों से अपने विचार व्यक्त करने को भी कहा है। डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अगस्त 2023 में मंजूरी दी थी।

******************

लोहरदगा जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए पहल तेज कर दी गयी है।

******************

पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने निर्माण कार्य को लेकर पावर ब्लॉक लिया गया है। इसके चलते कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। ट्रेन संख्या एक तीन तीन एक नौ दुमका–रांची एक्सप्रेस कल रद्द रहेंगी। वहीं, ट्रेन संख्या एक सात शून्य शून्य छह रक्सौल–हैदराबाद एक्सप्रेस इस दिन अपने निर्धारित समय से एक घंटा 20 मिनट देर से रक्सौल से प्रस्थान करेगी।
इधर, दक्षिण–पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल ने 6 जनवरी को पावर ब्लॉक लिया है। इसके चलते ट्रेन संख्या एक आठ छह शून्य एक टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस 6 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल–पुरुलिया–कोटशिला–मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल–गुंडा विहार, मुरी होकर चलेगी जबकि खड़गपुर–हटिया–खड़गपुर मेमू ट्रेन का आद्रा–हटिया–आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा।

******************

राउरकेला में चल रहे हॉकी इंडिया लीग में आज शाम 6 बजे श्राची राढ बंगाल टाइगर्स का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा, जबकि रात सवा आठ बजे हैदराबाद तूफान और टीम गोनासिका आमने सामने होंगे। इससे पहले कल रात तमिलनाडु ड्रैगन्स ने वेदांता कलिंगा लांसर्स को शूटआउट में हरा दिया।

******************

रांची में कल से 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता शुरु होगी। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने झारखंड को एथलेटिक्स, टेनिस, साइकिलिंग और हॉकी स्पर्द्धाओं की मेजबानी सौंपी है। खेलगांव के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस प्रतियोगिता में छह हजार से ज्यादा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

***************